रहस्य संदेश

पृष्ठ : 4 मूल्य : 2.00 रुपये मात्र
एटा कासगंज अलीगढ़ लखनऊ गाजि

04:07:2026 | वर्ष 20 अंक 172 | RNI-No. UP

# सीएसए में अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया गया



रहस्य संदेश | अनवर अशरफ

कानपुर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने और इसे लेकर जागरूकता लाने की बात कही गई। कुलपति डॉक्टर संजीव गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण के लिए प्लास्टिक गंभीर खतरा है। उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं और वैज्ञानिकों को प्लास्टिक के अंधाधुंध उपयोग से मिट्टी की उर्वरता, जल स्रोतों और पर्यावरण को होने वाले नुकसान (माइक्रोप्लास्टिक) के प्रति आगाह किया। कुलपति ने कहा कि

प्लास्टिक की जगह कपास या जूट या पेपर बैग व्यवहार में लाने की जरूरत है। विश्वविद्यालय के अर्थ नियंत्रक श्री संजय कुमार राय ने कहा कि यह दिन पर्यावरण, वन्य जीवन और मानव स्वास्थ्य पर प्लास्टिक बैग के हानिकारक प्रभावों की याद दिलाने के रूप में भी काम करता है। उन्होंने कहा इस दिवस को मनाए जाने का उद्देश्य पर्यावरण पर एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक की थैलियों के खतरनाक प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। प्लास्टिक बैग मुक्त जागरूकता कार्यक्रम विश्वविद्यालय के समस्त छात्रावासो में चलाया गया। प्लास्टिक बैग प्रयोग न करने की शपथ भी ली गई। यह कार्यक्रम समस्त कृषि विज्ञान केंद्रों पर भी चलाया गया।वहीं एन एस एस के स्वयं सेवकों ने पोस्टर, स्लोगन व भाषण के माध्यम से जागरुकता संदेश दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त निदेशक, अधिष्ठाता, अधिकारी, प्रोफेसर,वैज्ञानिक एवं कर्मचारियों सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

सिटी इनसाइड | 2.परिसर में जलभराव और गंदगी... | 3.किसान कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन... | 5. बाढ़ में फंसे 16 लोगों का किया रेस्क्यू...

संपूर्ण मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं उत्तरप्रदेश में प्रसारित

www.samarthsahara.com

samarthsaharabhopal@gmail.com

भोपाल

4 जुलाई 2026


कुल पृष्ठ : 8

मूल्य : 2.00

दैनिक समर्थ सहारा

सच को सच कहने का अदम्य साहस

नरोत्तम मिश्रा और दामोदर यादव का चुनाव लड़ना लगभग तय है, कांग्रेस में कैंडिडेट की तलाश जारी है



# अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त मनाया गया दिवस

**कानपुर ।** सीएसए द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने और इसे लेकर जागरूकता लाने की बात कही गई। कुलपति डॉक्टर संजीव गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण के लिए प्लास्टिक गंभीर खतरा है। उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं और वैज्ञानिकों को प्लास्टिक के अंधाधुंध उपयोग से मिट्टी की उर्वरता, जल स्रोतों और पर्यावरण को होने वाले नुकसान (माइक्रोप्लास्टिक) के प्रति आगाह किया। कुलपति ने कहा किप्लास्टिक की जगह कपास या जूट या पेपर बैग व्यवहार में लाने की जरूरत है। विश्वविद्यालय के अर्थ नियंत्रक श्री संजय कुमार राय ने कहा कि यह दिन पर्यावरण, वन्य जीवन और मानव स्वास्थ्य पर प्लास्टिक बैग के हानिकारक प्रभावों की याद दिलाने के रूप में भी काम करता है। उन्होंने कहा इस दिवस को मनाए जाने का उद्देश्य पर्यावरण पर एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक की थैलियों के खतरनाक प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना है।